Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need for four-laning of National Highway from Jammu to Poonch in Jammu & Kashmir

श्री जुगल किशोर (जम्मू) ः मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र जम्मू में राऐट्रीय राजमार्ग की ओर ले जाना चाहता हूं, जो कि जम्मू से पुँछ तक है। उस राजमार्ग के कार्य को जल्द आरंभ करने के लिए अनुरोध करना चाहता हूँ। यह राजमार्ग जम्मू-कश्मीर का एक महत्वपूर्ण राऐट्रीय राजमार्ग है।

यह राऐट्रीय राजमार्ग इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण बन जाता है क्योंकि यह राजमार्ग भारत-पाकिस्तान सीमा के साथ लगता है और तीन जिलों से होकर गुजरता है और पुँछ तक पहुंचता है। सीमा सुरक्षा बल सेना भी इस पर पूर्णतया निर्भर है क्योंकि उनकी सभी गतिविधियां और आवागमन इसी राजमार्ग से होता है, तो देश की सुरक्षा की दृएिट से भी इस राजमार्ग का विस्तार चार लेन में करना बहुत आवश्यक है। यह राऐट्रीय राजमार्ग अखनूर, सुंदरबनी, नौशेरा, राजौरी और पुँछ क्षेत्रों के लोगों की सुविधा के लिए भी बहुत आवश्यक है, यहां पर यातायात अधिक होने के कारण आकस्मिक दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

मेरा अनुरोध है कि इस राऐट्रीय राजमार्ग (चार लेन) के कार्य को जल्द आरम्भ करने की कृपा करें, यह जम्मू-कश्मीर की जनता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।